आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 03.05.2026
समय 7.20

मुख्य समाचार :—

- पिथौरागढ़ जिला योजना समिति की बैठक में 71 करोड़ से अधिक की जिला योजना अनुमोदित की गई, क्लस्टर आधारित विकास पर बल दिया गया।
- प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में बड़े सुधारों के लिये खाका तैयार किया जाएगा, सहकारी बैंकों की 50 नई शाखाएं खोलने के लिए आरबीआई को भेजा जाएगा प्रस्ताव।
- देहरादून में एसआईआर मैपिंग कार्य में प्राप्त दावे—आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश।
- हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियां जोरों पर, यात्रा मार्ग पर बर्फ हटाने के कार्य में जुटे सेना के जवान और सेवादार।

.....................................................................

जिला योजना बैठक

पिथौरागढ़ जिला योजना समिति की बैठक में जिले की वर्ष 2026—27 के लिए 71 करोड़ से अधिक की जिला योजना अनुमोदित की गई। पिथौरागढ़ में जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्य की अध्यक्षता में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में पारंपरिक निर्माण कार्यों के साथ—साथ आजीविका संवर्धन और स्वरोजगार को विशेष प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। जिला योजना को भौतिक, सामाजिक, आजीविका और अन्य चार प्रमुख क्षेत्रों में संतुलित रूप से विभाजित किया गया है। भौतिक क्षेत्र के अंतर्गत सड़क, पेयजल, सिंचाई एवं ऊर्जा पर विशेष ध्यान दिया गया है, जबकि सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। वहीं, आजीविका क्षेत्र में रोजगार आधारित योजनाओं को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है।

.....................................................................

सहकारिता समीक्षा बैठक

प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में बड़े सुधारों के लिये खाका तैयार किया जाएगा। जिसके तहत तीन जिलों में सहकारी बैंक खोलने के साथ ही 50 अन्य शाखाएं खोलना भी शामिल है। इसके लिये सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय मंत्री डा. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को भारतीय रिजर्व बैंक को शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा सहकारिता विभाग के कार्मिकों के वार्षिक स्थानांतरण और पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिये हैं।

देहरादून में अपने शासकीय आवास पर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बागेश्वर, चंपावत और रुद्रप्रयाग में तीन नए जिला सहकारी बैंकों की स्थापना के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने इस सम्बंध में भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्ताव भेजने को कहा। डा. रावत ने प्रदेश के दूरस्थ

और ग्रामीण क्षेत्रों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने को राज्यभर में 50 नई सहकारी बैंक शाखाएं खोलने के साथ ही मौजूदा शाखाओं के विस्तार और सेवा गुणवत्ता में सुधार पर विशेष जोर दिया। जिला सहकारी बैंकों के पिछले दो वर्षों के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए उन्होंने अपेक्षित व्यवसायिक लक्ष्यों को प्राप्त न कर पाने पर नाराजगी भी व्यक्त की।

.......................................................................

जिला बदर

देहरादून जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत दो कुख्यात शातिर अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश पारित किए हैं। जिले में कानून–व्यवस्था सुदृ ढ़ बनाए रखने और जनसामान्य में सुरक्षा की भावना को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसएसपी की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने यह कार्रवाई की है।

.......................................................................

एसआईआर कार्यक्रम समीक्षा

देहरादून के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने विशेष गहन पुनरीक्षण –एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत प्रगति की समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने पुनरीक्षण कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदाता सूची से संबंधित प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्रीय स्तर पर निगरानी बनाए रखें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, यह भी कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पुनरीक्षण प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सफल बनाएं। बैठक के दौरान कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक प्रगति बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए।

.......................................................................

हेमकुंड साहिब

चमोली जिले में हेमकुंड साहिब ट्रेक पर बर्फ हटाने के कार्य में भारतीय सेना के जवान और सेवादार जुटे हुए हैं। भारतीय सेना की 418 इंडिपेंडेंट फील्ड कंपनी 9 माउंटेन ब्रिगेड की टीम हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के सेवादारों के साथ अटलकोटी ग्लेशियर को सफलतापूर्वक पार कर चुकी है। टीम अब हेमकुंड साहिब से मात्र डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर है। टीम भारी बर्फ को काटते हुए ऊंचाई वाले ट्रेक मार्ग को तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित बना रही है। उम्मीद है कि पूरा मार्ग निर्धारित समय से पहले साफ हो जाएगा। हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को खुलने हैं। तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को 20 मई को ऋषिकेश से रवाना किया जाएगा। हेमकुंड साहिब लगभग चार हजार 632 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

.....................................................................

सफल परीक्षण अलर्ट

राष्ट्रीय स्तर पर आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और सी–डॉट द्वारा उत्तराखण्ड सहित पूरे देश में सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से सफल परीक्षण अलर्ट जारी किया गया। उत्तराखण्ड ने लगातार इस आधुनिक तकनीक को जल्द से जल्द लागू किए जाने के लिए केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों के समक्ष प्रभावी पैरवी की थी। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। इस सफल परीक्षण के साथ ही राज्य में आपदाओं के दौरान आम जनमानस तक त्वरित एवं लक्षित चेतावनी संदेश पहुंचाने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक का आधिकारिक तौर पर शुभारंभ हो गया है।

.....................................................................

प्रसून जोशी

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रख्यात गीतकार, लेखक और संचार विशेषज्ञ प्रसून जोशी को भारत के लोक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जोशी का साहित्य, विज्ञापन, सिनेमा और जन संचार के क्षेत्र में व्यापक योगदान रहा है। अपने प्रभावशाली लेखन और गहरी सांस्कृतिक संवेदनशीलता के लिए जाने जाने वाले श्री जोशी की समकालीन भारतीय मीडिया की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उनके नेतृत्व में प्रसार भारती नई ऊर्जा, उद्देश्य और रचनात्मकता के साथ कार्य करेगा। प्रसून जोशी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

.....................................................................

फसलों का क्षति आंकलन

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र आंकलन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। श्री  जोशी ने दूरभाष के माध्यम से निदेशक कृषि से वार्ता करते हुए कहा कि ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का वास्तविक आकलन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि किसानों को जल्द राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर संयुक्त सर्वे कराने के भी निर्देश दिए।

कृषि मंत्री जोशी ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार के निर्धारित मानकों के अनुसार नुकसान का आकलन कर पात्र किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है और किसी भी प्रभावित किसान को राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य में पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को समय पर सहायता मिल सके और उनकी आजीविका पर पड़े प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सके।

.....................................................................